आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :349 पृष्ठ -4 दिनांक 23 दिसम्बर 2024 दिन सोमवार

# महाकुंभ मेले से पहले संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## प्रयागराज में अगले माह 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ का भव्य आयोजन किया जाएगा

उत्तरप्रदेश तीर्थराज नगरी प्रयागराज को वर्तमान में भव्य रूप दिया जा रहा है. 12 साल बाद एक बार फिर अगले 13 जनवरी से महाकुंभ मेले का आयोजन होगा. इस बार महाकुंभ को भव्य, दिव्य और नव्य बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने खास तैयारी की है. इस बार देश विदेश से महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने 40 करोड़ से अधिक लोगों के पहुंचने की उम्मीद है. महाकुंभ में स्नान पर्व पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए देशभर से ऐसे कई लोग हैं, जिन्होंने अभी से महाकुंभ मेले में पहुंचना शुरू कर दिया है. अभी से पहुंचने लगे श्रद्धालयहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि इस बार महाकुंभ की इतनी चर्चा सुन ली थी कि लगा बाद में बहुत भीड़ हो जाएगी, इसीलिए कई दिनों पहले यहां चले आए. आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. महाकुंभ मेले में भले ही एक महीने का वक्त है, लेकिन यहां पर अभी से चहल पहल शुरू हो गई है. प्रयागराज के संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है. अकबर के किले के पास के टटप्च घाट से संगम नोज की ओर श्रद्धालुओं को जाते हुए देखा



जा सकता है. संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर बड़ी संख्या में नावों को तैनात किया गया है.संगम में स्वर्ग की सीढ़ीमहाकुंभ में पहुंचे लोगों को अपने मुख्य उद्देश्य की पूर्ति के लिए पूरे श्रद्धा भाव से आगे बढ़ते हुए देखा जा सकता है. श्रद्धालु त्रिवेणी में डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं. मान्यता है कि संगम में डुबकी लगाने से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं और मुक्ति का द्वार खुल जाता है. स्थानीय लोग का कहना है कि ये स्थान एक तरह से स्वर्ग की सीढ़ी है, यहां स्नान करने से सारे पाप धुल जाते हैं और मुक्ति के द्वार खुल जाते हैं. श्रद्धालुओं का कहना है कि अनजाने में जो पाप होते हैं वो यहां स्नान करने से समाप्त हो जाते हैं, इसलिए हम लोग यहां आए हैं. श्यहां स्नान से होते हैं पाप नष्टश्श्रद्धालुओं के मुताबिक, पूरे परिवार और कुटुंब के कल्याण के लिए और उनसे जो भी गलती से पाप हुए हैं, उससे मुक्ति के लिए यहां आए हैं. उनका कहना है कि वे देश के कल्याण और सौहार्द की भी कामना ले कर आए हैं. यहां पहुंची कुछ युवतियों ने कहा कि वे स्नान नहीं करेंगी, लेकिन यहां दोबारा जरूर आएंगी. इस मौके पर संगम स्थल पर एक नाव में पूजा कराते पंडित ने कई महत्वपूर्ण धार्मिक बातें बताईं. उन्होंने बताया कि गंगा– यमुना– सरस्वती का ये संगम स्थल स्वयं में मां त्रिवेणी है, जिनके पूजन से परिवार का कल्याण होता है. उन्होंने बताया कि संगम आने से आनंद दोगुना हो जाता है वरना मुक्ति तो गंगा के दर्शन मात्र से हो जाती है.

## स्कूटी सवार बदमाशों ने पिता-पुत्र को मारी गोली, लूट लिए गहने,इलाके में दहशत, पूरे शहर में नाकाबंदी



वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र के कमच्छा के पास स्कूटी सवार पिता पुत्र को गोली मार दी गई. मुंबई से ट्रेन से लौटे पिता को बेटा स्कूटी से वापस घर लेकर आ रहा था. इसी दौरान कमच्छा पर अज्ञात बदमाशों द्वारा दोनों को गोली मार दी. इस घटना के दौरानसुबह–सुबह गोलियों की तड़तड़ाहत से इलाके में दहशत फैल गई और लोगों में हड़कंप मच गया. जानकारी के अनुसार, व्यक्ति मुंबई से गहने लेकर आये थे और बदमाशों ने गोली मारकर गहने लूट लिए. इस घटना के बाद फिलहाल पिता पुत्र, दोनों को ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे के बाहर बताई जा रही है. इस घटना की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है. लेकिन कितने का माल लूटा गया है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है. डीसीपी गौरव बंसवाल ने इस घटना के संबंध में जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि भेलूपुर थाना क्षेत्र के कमच्छा के पास स्कूटी सवार बदमाशों ने पिता पुत्र को गोली मारी है. मुम्बई– ट्रेन से लौटे पिता को बेटा स्कूटी से वापस घर लेकर आ रहा था. तभी कमच्छा पर अज्ञात बदमाशों द्वारा दोनों को गोली मारी है. पूरे शहर में नाकाबंदी पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, व्यक्ति मुम्बई से गहने सहित अन्य समान लेकर आये थे, इस घटना के बाद बदमाश लूट ले गए. अभी कितने का समान लूटा गया है इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है. घटना सुबह 3रू30 बजे के आसपास की है. दोनों पिता और पुत्र का अस्पताल में इलाज चल रहा है. पूरे शहर में नाक. ाबंदी कर दी गई है उन्होंने बताया कि गाड़ियों की जांच की जा रही है. इस घटना के बाद पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया है. इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और घटना की जांच जारी है. बदमाशों को पकड़ने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है.

## यूपी के 1331 सेंटरों पर पीसीएस प्री परीक्षा शुरू, दो पॉलियों में हो रही STF अलर्ट, लड़कियों के कुंडल-अंगूठी उतरवाई, कलावा काटा

यूपी में आज 1331 सेंटर पर पीसीएस प्री परीक्षा दो पालियों में हो रही है. परीक्षा में डेढ़ घंटे पहले प्रवेश दिया गया है. पहली पाली 9.30 से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली 2.30 से 4.30 बजे तक चलेगी. पुलिस ने परीक्षा को लेकर सभी इंतजाम कर लिए हैं. सेंटरों पर भी अभ्यर्थियों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं. वहीं, परीक्षा से पहले सभी सेंटरों पर अभ्यर्थियों की गहन तलाशी ली गई है. लड़कियों के कानों से कुंडल और हा. थों से अंगूठियां भी उतरवाई गईं हैं. हा. थों का कलावा भी काटा गया. परीक्षा के लिए पुलिस के साथ–साथ एसटीएफ भी अलर्ट है. इस परीक्षा में 5,76,154 अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं. हर पेपर 200 मार्क्स का होगा. अभ्यर्थियों को पेपर हल करने के लिए दो घंटे का समय मिलेगा. रविवार को पुलिस काफी सख्ती दिख रही है. गेट पर ही अभ्यर्थियों के जूते, जैकेट और टोपी उतरवाकर चेक किया गया. मुख्य सचिव दे चुके हैं सख्त निर्देशः बता दें कि बीते दिनों मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक की थी. इसमें पीसीएस–प्री की परीक्षा को सकुशल नकलविहीन और पारदर्शिता के साथ कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए थे. कहा था कि प्रश्न पत्र लीक न हो इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए. इसकी निगरानी के लिए 24



घंटे सीसीटीवी से करने के निर्देश दिए थे.आगरा समेत कई जिलों में भी खास इंतजामः आगरा में में आज 17,951 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं. आगरा में ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए 18 टीमें बनाई गईं हैं. परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले गेट बंद कर दिया गया है. पुलिस की ओर से कड़ी व्यवस्था की गई है.सबसे ज्यादा 51 परीक्षा केंद्र प्रयागराज में बनाए गए हैं. सभी परीक्षा केंद्रों पर 51 सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं. वहीं, बताया जा रहा है कि लीक होने से बचाने के लिए पेपर को डिजिटल बॉक्स में लॉक किया गया है.परीक्षा को पेपर लीक से बचाने के लिए बचाने के लिए कई तरह के सख्त इंतजाम किए गए हैं. परीक्षा केंद्रों के आसपास की सभी फोटोकॉपी की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं. पुलिस के साथ ही खुफिया भी अलर्ट है. इसके अलावा एसटीएफ भी परीक्षा में सेंध लगाने वालों को दबोचने के लिए जुट चुकी है. परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों पर पैनी नजर है. आंखों के रेटिना की जांच के बाद प्रवेशः कानपुर के 58 परीक्षा केंद्रों पर पीसीएस प्री परीक्षा शुरू हो गई है. पहली पाली की परीक्षा के लिए कानपुर में 24 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए हैं. सभी परीक्षा केंद्रों पर सघन तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया है. चेकिंग के दौरान गेट पर परीक्षार्थियों के चेहरे की फोटो खींचने के बाद आंखों के रेटिना को स्कैन कर प्रवेश दिया गया है. वहीं, सुलतानपुर में भी परीक्षा शुरू हो गई है. जिले के 20 केंद्रों पर परीक्षा हो रही है. जिले में कुल 9024 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं. वहीं, फर्रुखाबाद में 14 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा चल रही है. गाजीपुर में 19 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा चल रही है. डीएम आर्यका अखौरी व गाजीपुर पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा निगरानी कर रहे हैं.

## कानपुर चार दीवार के अंदर बने वीडियो ने खोली गर्ल हॉस्टल की पोल, महिलाकर्मी ने छात्रा को पीटा

ब्यूरो चीफ कानपुर बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओश के नारे देने वाले सरकार ने बेटियों की शिक्षा के साथ उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए कई हास्टल का इंतजाम किया है और उनके लिए विशेष सुविधाएं भी कर रखी है. इसमें छात्राओं के लिए रुकने की व्यवस्था के साथ आ. र्थक कमजोर छात्राओं को यहां ऐसे बने छात्रावासों में निशुल्क ठहरने की व्यवस्था दी जाती है, बशर्ते वो किसी स्कूल और कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हो. लेकिन कानपुर में संचालित हो रहे एक अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में एक छात्रा के साथ पिटाई का वीडियो सामने आया है. इसमें छात्रावास की देखरेख करने वाली महिला द्वारा छात्रा के साथ मारपीट होने का वीडियो वायरल हुआ है. दरअसल, कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र में संचालित एक अनुस. ूचित जाति बालिका छात्रावास में दो दिन पहले एक छात्रा और छात्रावास में काम करने वाली एक छात्रा के बीच किसी बात को लेकर हाथापाई का वीडियो इस बीच वायरल हो रहा है.आरोप है कि छात्रावास की देखरेख करने वाली एक महिला ने छात्रावास में रह रही एक



छात्रा को किस बात को लेकर बेरहमी से पीट दिया, जिसके बाबत छात्रा ने लिखित शिकायत लेकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंची, जहां उसने शिकायत के दौरान आरोप लगाया कि महिला द्वारा उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया. आरोपी महिला ने छात्रा से गाली–गलौज की. जिसको लेकर जब छात्रा ने विरोध किया तो छात्रावास की महिलाकर्मी गुड़िया ने उसे बेरहमी से पीट दिया. इसका छात्रावास में मौजूद कुछ छात्राओं ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया. जिसके बाद पुलिस ने जांच की बात कहकर मामले में इंक्वायरी शुरू कर दी.वहीं अब इस मामले को लेकर को ग्रेस की ओर से एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर छात्रावास जाने की बात कही है. साथ ही दलित छात्रावास में छात्रा के साथ हुएअमानवीय व्यवहार को लेकर कार्यवाही कराने का आश्वासन भी दिया है. इस मामले में संज्ञान लेते हुए एसीपी कल्याणपुर अभिषेक कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर जांच की जा रही है. साथ ही हॉस्टल म रहने वाले अन्य छात्राओं से भी बात कर हकीकत साफ करने की कोशिश की जाएगी और दोषी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी.

## चंदौसी में दूसरे दिन भी बावड़ी की खोदाई जारी,प्राचीन इमारत और सुरंग मिली

चंदौसी के लक्ष्मण गंज में 150 साल पुरानी बावड़ी की दूसरे दिन भी खोदाई की गई। इसमें एक सुरंग मिली। जिसके बांकेबिहारी मंदिर से जुड़े होने की संभावना है। डीएम ने बताया कि मंदिर का जीर्णोद्धार करवाने के साथ आसपास का अतिक्रमण हटाया जाएगा।चंदौसी के मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मण गंज में बांकेबिहारी मंदिर के बाद कुछ ही दूरी पर खाली प्लाट में दबी बावड़ी की तलाश में दूसरे दिन रविवार को खोदाई शुरू की गई। डीएम राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने मौके पर पहुंच कर जायजा लिया। डीएम ने बताया कि अभिलेखों में 400 वर्ग मीटर एरिया में बावड़ी तालाब के रुप में दर्ज है।बिलारी के राजा के नाना के समय बावड़ी बनी थी। इसमें तीन मंजिल बनी हुई हैं। दो मंजिल मार्बल से बना है। ऊपर की मंजिल ईंटों से बनी है। इसमें कूप के साथ चार कक्ष भी बने हैं। यह बावड़ी 150 साल पुरानी बताई जा रही है। डीएम ने बताया कि जरुरत पड़ी तो स्टेट ऑर्किलॉजिकल सर्वे की टीम को पत्र भेजा जाएगा।बताया जा रहा है कि बावड़ी से सुरंग भी जा रही है जो बांकेबिहारी मंदिर पर खुलती है। डीएम ने बताया कि मंदिर का जीर्णोधार किया जाएगा। जिससे लोग वहां पूजा कर सकें। इसके लिए अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा।

# गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर 150 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस

## अंबेडकर सम्मान मार्च’ में जुटी कांग्रेस,बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है, उसकी निंदा करेंगे



कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर नया प्लान तैयार किया है। पवन खेड़ा ने बताया, 22 और 23 दिसंबर को 150 से अधिक शहरों में हमारे लोकसभा और राज्यसभा के सांसद, सीडब्ल्यूसी सदस्य गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शनिवार को बताया कि लोकसभा और राज्यसभा के कांग्रेस सांसद, सीडब्ल्यूसी सदस्य केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर देश भर के 150 अलग–अलग शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। कांग्रेस अमित शाह के राज्यसभा में अंबेडकर से संबंधित उनकी टिप्पणी को लेकर उनका इस्तीफा मांग रही है, जिसे मंत्री ने विपक्षी दल पर हमला करते हुए कहा था। पवन खेड़ा ने कहा, 22 और 23 दिसंबर को 150 से अधिक शहरों में हमारे लोकसभा और राज्यसभा के सांसद, सीडब्ल्यूसी सदस्य गृह मंत्री



अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और जिस तरह से उन्होंने बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान किया है, उसकी निंदा करेंगे।”. निकालेंगे ‘आंबेडकर सम्मान मार्च’ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बाबा साहेब डॉ. बीआर आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में शनिवार को कांग्रेस ने राष्ट्रव्यापी विरोध अभियान की घोषणा की है। इसके तहत 24 दिसंबर को देशभर के सभी जिला मुख्यालयों में ‘बाबा साहेब आंबेडकर सम्मान मार्च’ निकालकर राष्ट्रपति के नाम गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। जबकि 22 और 23 दिसंबर को देश के 150 शहरों में पार्टी के नेताओं की पत्रकार वार्ता आयोजित होगी। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि बाबा साहेब के बारे में गृह मंत्री शाह के मुंह से जो शब्द निकले, वे गलती से नहीं निकले। अगर गलती से निकले होते तो वे माफी मांग लेते।राष्ट्रपति को सोपेंगे ज्ञापन बाबा. साहेब अंबेडकर सम्मान मार्च निकालेगी और जिला कलेक्टरों के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन सौंपेगी। खेड़ा ने बताया, ”24 दिसंबर को हम अपने जिला मुख्यालयों पर मार्च निक. ालेंगे और कलेक्टरों को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देंगे। उसमें भी हम अमित शाह के इस्तीफे की अपनी मांग दोहराएंगे।

# अमेरिका के लिए नया खतरा बनकर उभर रहा पाकिस्तान, शहबाज के प्लान के US परेशान

अमेरिका और पाकिस्तान के दशकों से अच्छे संबंध रहे हैं. 1971 में भारत–पाक युद्ध में अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद के लिए अपने नौसेना का घातक सातवां बेड़ा भेजा था. लेकिन अब अमेरिका ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान अमेरिका पर हमला करने के लिए मिसाइल तैयार कर रहा है. पेंटागन के आकलन के मुताबिक, पाकिस्तान उन कुछ विरोधी देशों की सूची में शामिल होने की को. शिश में है जिनके पास अमेरिका पर सीधा हमला करने की क्षमता है. बता दें कि वर्तमान में रूस, चीन और उत्तर कोरिया के पास ही अमेरिका पर सीधा हमला करने की क्षमता है.पाकिस्तान की लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम अमेरिका के हितों के खिलाफ है. इसी कारण से अमेरिका ने पहली बार मिसाइल प्रोग्राम से जुड़े पाकिस्तान सरकार के राष्ट्रीय विकास परिसर और तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं. बता दें कि छक्ष् ने पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को आगे बढ़ाने के लिए सामग्री प्राप्त करने की कोशिश की है, जिसमें विशेष वाहन चेसिस शामिल है जो बैलिस्टिक मिसा. इलों के लिए लॉन्च समर्थन उपकरणों के लिए जरूरी है.अमेरिका ने पाकिस्तान के मिसाइल गतिविधियों पर जताई चिंताअमे. रिका के प्रधान उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस कार्यक्रम में पाकिस्तान के मिसाइल गतिविधियों पर चिंता जताई. फाइनर ने कहा, अगर ये ट्रेंड जारी रहता है तो पाकिस्तान को अमेरिका सहित दक्षिण एशिया में कहीं भी हमला करने की क्षमता हासिल हो जाएगी. पाकिस्तान अमेरिका के लिए अब एक उभरता हुआ खतरा है.चीन को ध्यान में रखकर भारत बना रहा हथियारइस साल 2024 में दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर कई नए बदलाव देखे गए हैं, क्योंकि भारत ने कई नई मिसाइलों की टेस्टिंग की है. हालांकि भारत ने अधिकतम सैन्य क्षमता को चीन को ध्यान में रखते हुए विकसित की है. वहीं, पैसों की तंगी से जूझने के बावजूद पाकिस्तान भारत से मुकाबले के लिए अपनी सैन्य क्षमता में विस्तार कर रहा है.बता दें कि वर्तमान में भारत के पास पाकिस्तान के किसी भी हिस्से में हमला करने की क्षमता है. वहीं, भारत अब अग्नि–5 और पनडुब्बी से लॉन्च होने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों की खोज को चीन को ध्यान में रखकर कर रहा है.

# जर्मन क्रिसमस बाजार में हमले में 7 भारतीय घायल

जर्मनी के मागदेबुर्ग शहर में क्रिसमस मार्केट में हुए भीषण हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और 200 से ज्यादा लोग घायल हो गए. इस हमले में एक कार ने भीड़ पर चढ़ाई कर दी जिससे मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है. भारतीय विदेश मंत्रालय (डम्।) ने इस हमले को श्निरर्थक और भयानकश बताते हुए कड़ी निंदा की है.भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा ष्हम मागदेबुर्ग में क्रिसमस मार्केट पर हुए भयानक और निरर्थक हमले की निंदा करते हैं. कई कीमती जानें गई हैं और कई लोग घायल हुए हैं. हमारा संवेदना और प्रा. र्थनाएं पीड़ितों के साथ हैं.ष् मंत्रालय ने ये भी जानकारी दी कि भारतीय मिशन ने घायलों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की है.सात भारतीय घायल, तीन अस्पताल से डिस्चा. र्जजानकारी के मुताबिक हमले में सात भारतीय नागरिक घायल हुए जिनमें से



तीन को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है. भारतीय मिशन घायल भारतीयों और उनके परिवारों के साथ लगातार संपर्क में है. हमले के संदिग्ध 50 वर्षीय सऊदी मूल के डॉक्टर तालेब को गिरफ्तार कर लिया गया है. वह जर्मनी में स्थायी निवास के तहत रहते सैक्सनी–आन्हाल्ट राज्य के प्रीमियर राइनर हसलॉफ ने पुष्टि की कि ये हमला एक अकेले व्यक्ति का काम था और अब शहर में कोई खतरा नहीं है. पुलिस ने कार में विस्फोटक होने की संभावना की जांच की, लेकिन कोई विस्फोटक नहीं मिला.पुलिस कर रही है मामले की जांच तालेब जो लगभग दो दशकों से जर्मनी में रह रहे थे एक पुनर्वास क्लिनिक में साइकेट्रिस्ट के रूप में काम कर चुके हैं. हालांकि वह अक. टूबर से बीमारी और छुट्टी के वजह से उन्होंने छुट्टी लिया हुआ था. उनकी सोशल मीडिया गतिविधियों में इस्लाम–विरोधी और दक्षिणपंथी गुटों का समर्थन देखा गया है.जर्मन आंतरिक मंत्री नैन्सी फेसेर ने कहा कि संदिग्ध की श्इस्लामोफोबियाश स्पष्ट है, लेकिन उनके उद्देश्य पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी. मागदेबुर्ग की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है.

# दिल्ली में बदलेगा मौसम, अगले हफ्ते हो सकती है बारिश

## 27 दिसंबर के बाद ठंड बढ़ने की संभावना

नई दिल्ली। राजधानी में शनिवार सुबह मध्यम स्तर के कोहरे के कारण सफदर. जंग के पास सुबह साढ़े सात से साढ़े आठ बजे के बीच आधे घंटा न्यूनतम दृ श्यता 200 मीटर रही। वहीं आइजीआइ एयरपोर्ट के पास हल्का कोहरा होने के कारण सुबह साढ़े सात से आठ बजे के बीच न्यूनतम दृश्यता 600 मीटर रही। इसके बाद कोहरा घटने से दृश्यता में सुधार हुआ।शनिवार को तापमान में पिछले दिन के मुकाबले खास बदलाव नहीं हुआ। रविवार को सुबह में स्मॉग के साथ–साथ मध्यम स्तर का कोहरा हो सकता है। दिन में आसमान साफ रहेगा। साथ ही पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस वजह से अगले सप्ताह दिल्ली में वर्षा हो सकती है। सोमवार को दिल्ली के कई इलाकों में बहुत हल्की वर्षा हो सकती है। इसके अलावा क्रिसमस बाद लगातार दो दिन हल्की व मध्यम स्तर की वर्षा होने की संभावना है। कई इलाकों में हल्की बारिश की संभावना मौसम विभाग के अनुसार सोमवार आकाश में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। कई इलाकों में बहुत हल्की वर्षा या बूंदाबांदी होने की



संभावना है। मंगलवार को मध्यम स्तर का या घना कोहरा हो सकता है। इस वजह से मौसम विभाग ने मंगलवार को यलो अलर्ट जारी किया है। फिर 26 दि. संबर को हल्की वर्षा और 27 दिसंबर को कई इलाकों में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा हो सकती है या बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विभाग ने 27 दिसंबर के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया है। 27 दिसंबर के बाद ठंड बढ़ सकती है। इस माह अब तक एक दिन नौ दिसंबर को कई इलाकों में हल्की वर्षा हुई थी। उस दिन दिल्ली में 0.10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस कारण राजधानी में ठंड में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। वहीं एक बार फिर राजधानी में बारिश के बाद ठंड में वृद्धि होगी। शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है। इसके एक दिन पहले शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7. 5 डिग्री सेल्सियस रहा था।

# एटा के थाने में सुलझा दो कुत्तों का मालिकाना विवाद

एटा जिले की कोतवाली नगर क्षेत्र में दो कुत्तों के मालिकाना हक को लेकर विवाद हो गया। मामला आपस में नहीं सुलझा तो दोनों मामलों के चारों पक्ष कोतवाली पहुंच गए। यहां अपने–अपने दावे के पक्ष डीएनए परीक्षण कराए जाने की मांग तक कर दी गई। पुलिस ने असली मालिक की पहचान कराते हुए कुत्ते उन्हें सौंप दिए। कोतवाली नगर के मोहल्ला अरुणा नगर निवासी अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि घर के लॉन में हमारा कुत्ता बंधा हुआ था। शनिवार की शाम के समय कुछ लोग आए और कुत्ते को अपना बताते हुए खोलने का प्रयास करने लगे। जब हमने विरोध किया तो गालीगलौज करते हुए पीटने पर उतारू हो गए। धक्का मारकर जबरन कुत्ते को ले जाने लगे। इस पर मैंने 112 पर कॉल कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष को कोतवाली नगर में बुलाया। इसके बाद मैं कुत्ते को लेकर घर आ गया। कोतवाली प्रभारी रा. जेश चौहान ने बताया कि घर में घुसकर जबरदस्ती कुत्ते को ले जाने वालों के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है।वहीं, दूसरी घटना में शहर के वेगनगर निवासी नरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हा. ेंने शुक्रवार को मिरहची थाना क्षेत्र के अल्लैपुर निवासी सुमित से एक कुत्ते का बच्चा 13000 रुपये में खरीदा था। शाम को ही निधौली रोड निवासी आशीष शाक्य मेरे घर आए और पिल्ला को अपना बताने लगे।

शनिवार को पुलिस को सूचना दी तो हम दोनों पक्ष कोतवाली नगर में पहुंच गए। यहां से मेजर आशीष शाक्य पिल्ले को अपना बताते हुए साथ ले गए। कोतवाली प्रभारी राजेश चौहान ने बताया कि पिल्ला आशीष शाक्य का ही था।

# सुकमा में 1 महिला सहित 5 नक्सली गिरफ्तार, 2 के सिर दो-दो लाख का इनाम

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने दो इनामी माओवादियों समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की. सुकमा पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के दौरान चिंतागुफा थाना क्षेत्र के दुलेदा गांव के जंगल के करीब सुरक्षाबलों ने मुचाकी हुंगा उर्फ जट्टी, कवासी गंगी, माडवी हिंगा और दो अन्य को गिरफ्तार किया.सुकमा पुलिस अधिकारी के मुताबिक शुक्रवार (20 दिसंबर) को शुरू किए गए अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की दूसरी बटालियन, सीआरपीएफ कोबरा बटालियन और स्थानीय पुलिस के जवान शामिल थे5 में से 2 ईनामी माओवादीअधिकारियों ने बताया कि जट्टी प्रतिबंधित माओवादी संगठन की पिडमेल रिवोल्यूशनरी पार्टी कमेटी (आरपीसी) के तहत जनताना सरकार स्कूल में शिक्षक था. कवासी गंगी क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन (केएएमएस) की अध्यक्ष थी. उन्होंने बताया कि दोनों के सिर पर दो–दो लाख रुपये का इनाम है. एक अन्य नक्सली पर एक लाख का ईनाम है. अधिकारियों ने बताया कि माडवी मेटागुडा आरपीसी के तहत दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन (डीएकेएमएस) का अध्यक्ष था. उन्होंने बताया कि दो अन्य नक्सली निचले स्तर के कैडर हैं.सभी आरोपी चिंतागुफा हत्याकांड के आरोपी सुकमा पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए पांचों नक्सली इस साल जिले के चिंतागुफा इलाके में एक ग्रामीण की हत्या में शामिल थे. पुलिस भी इनकी तलाश में थी. उन्होंने बताया कि जट्टी जिले में माओवादी हिंसा के कई मामलों में भी शामिल था.अदालत ने नक्सलियों को भेजा जेल सुकमा पुलिस ने पांचों नक्सलियों को अदालत में पेश किया. अधिकारियों ने बताया कि अदालत ने नक्सलियों को जेल भेज दिया.2024 में छत्तीसगढ़ में मार गए 200 नक्सली बता दें कि हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सल प्रभावी क्षेत्र का दौरा किया था. इस दौरान उन्होंने सुरक्षा बलों को लक्ष्य तय करते हुए कहा था कि मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त होगा. इस साल छत्तीसगढ़ में 200 से ज्यादा नक्सली एनकाउंटर में मारे गए हैं.

# उज्जैन में बनेगा आईटी पार्क, 1000 लोगों को मिलेगा रोजगार, CM मोहन यादव ने किया भूमि पूजन

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने इंदौर रोड़ पर एमपी इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा 46 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाले आईटी पार्क का भूमि पूजन किया गया. इस आईटी पार्क से 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा. मुख्यमंत्री के द्वारा सर्वप्रथम कन्या पूजन किया गया. मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने इस अवसर पर कहा कि आज का दिन उज्जैन के निवासियों के लिए और हम सबके लिए अत्यंत गौरव का क्षण है. यह एक अलग इतिहास बनकर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज किया जाएगा. उज्जैन जो अपनी सांस्कृ तिक और ऐतिहासिक धरोहर के लिए विश्व प्रसिद्ध है, अब तकनीकी युग में भी अपनी पहचान बनाएगा.उज्जैन में प्रा. चीनकाल से ही विज्ञान, खगोलशास्त्र और गणित के विद्वान रहे हैं. हमारे देश में सबसे अधिक आबादी युवा वर्ग की है. इस मौके पर प्रभारी मंत्री गौतम टैटवाल, विधायक सतीश मालवीय, राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल थे.1000 लोगों को



मिलेगा रोजगारमुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन में आईटी पार्क के निर्माण के बाद प्रत्यक्ष रूप से 500 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और सहायक सेवाओं (केफे, परिवहन और आवास) के माध्यम से 1 हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे. यह परियोजना उज्जैन को प्रदेश के प्रमुख आईटी गंतव्यों में शामिल करेगी जिससे निवेश में तेजी आएगी. स्थानीय युवाओं के लिए आईटी और तकनीकी नौकरियों में अवसर बढ़ेंगे. पार्क में स्टार्टअप और छोटे उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा.प्रथम फेस में उपलब्ध जगह से अधिक आए ईओआईएमपीआईडीसी के श्री राजेश रा. ठौर ने जानकारी दी कि आईटी पार्क के प्रथम फेस के अंतर्गत होने वाले निर्माण में जितनी भी जगह थी उससे डेढ़ गुना अधिक निवेशकों के द्वारा जगह के लिए ईओआई एक्सप्रेस ऑफ इंटरेस्ट प्राप्त हुए हैं. मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निर्देश दिए कि आईटी पार्क का दूसरा फेस भी इसी के साथ प्रारंभ किया जाए.

# जिलाधिकारी ने अतरौली सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों का कराया निस्तारण

## सम्पूर्ण समाधान समेत विभिन्न दिवसों को और अधिक प्रभावी बनाए जाने के दिए निर्देश

अलीगढ़ (जननायक सम्राट) जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में तहसील अतरौली के एनैक्सी भवन सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्रायः चकरोड, सड़क, नाली, खडंजे एवं पेंशन संबंधी आवेदन प्राप्त होते हैं। जांच कर्ता अधिकारी यदि मौके पर उभयपक्षों की मौजूदगी में पूर्ण पारदर्शिता से शिकायत का निस्तारण करें तो अधिकांश शिकायतों का समाधान हो सकता है। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान समेत आयोजित विभिन्न दिवसों को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर बल देते हुए कहा कि इन दिवसों में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम टीकरी थाना बरला निवासी दुर्गेश कुमार ने गॉव के दबंग व्यक्तियों द्वारा आम रास्ते पर कब्जा कर सड़क निर्माण रोके जाने की शिकायत दर्ज कराई जिस पर डीएम ने तहसीलदार एवं एसएचओ बरला को मौके पर जाकर अवैध कब्जा हटवाते हुए निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। अतरौली नगर क्षेत्र के सरायवली निवासी वीरपाल सिंह समेत अन्य व्यक्तियों की विगत कई महीनों से पाइप पेयजल आपूर्ति बाधित होने की शिकायत पर डीएम ने ईओ अतरौली को स्थलीय निरीक्षण कर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। अतरौली निवासी अंशुल भारद्वाज द्वारा बद्री प्रसाद गुप्ता विद्या मंदिर हाईस्कूल को बंद कराने एवं उसकी भूमि व अन्य परिसंपत्तियों को अवैध रूप से बेचने की शिकायत दर्ज कराई जिस पर



जिलाधिकारी ने तहसीलदार एवं एसएचओ को संयुक्त रूप से जांच कर समस्या का न्यायोचित निराकरण कराने के निर्देश दिए। मीरगढ़ी निवासी मनीष कुमार शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि खनन माफियाओं ने उसके खेत के निकट सरकारी भूमि पर बने हाईटेंशन विद्युत पोल के चारो ओर की मिट्टी निकाल दी है जिससे किसी भी समय पोल के गिरने के जनहानि की संभावना बनी रहती है। इस पर डीएम ने एक्सईएन विद्युत को स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में 65 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से स्थलीय निरीक्षण कर निर्धारित समयावधि में शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सु. निश्चित कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल संबंधी शिकायत लेकर पहुँचे मौहल्ला बरौलिया टोला के दिव्यांग अब्दुल को जिलाधिकारी ने शीत लहरी से बचाव के लिए कंबल भी प्रदान किया।इस अवसर पर सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, एसएसपी संजीव सुमन, एसडीएम न्यायिक सुभाष चन्द्र, सीओ अतरौली महेश कुमार, डीडीओ आलोक आर्य, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, डीएफओ धनराज मीणा, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी समेत सभी जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोगाजी धाम का 9 वां स्थापना दिवस 23 दिसंबर से होगा प्रारम्भ

गोगाजी धाम का 9 वां स्थापना दिवस 23 दिसंबर से होगा प्रारम्भजाहरवीर बाबा गोगा जी महाराज मंदिर गोगा जी धाम , निकट राठौर बगीची , माधव रोड , महेंद्र नगर , अलीगढ़ का नवम स्थापना दिवस एवं मेला कार्यक्रम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बहुत ही धूमधाम से मनाने की तैयारी चल रही है ।गोगाजी धाम के गद्दी महंत विकास माधव एवं मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार गोगाजी धाम के नवम स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सोमवार 23 दिसंबर 2024 को प्रातः 9 बजे गोगा जी महाराज के दुग्धाभिषेक एवम स्नान दर्शन के पश्चात बाबा जी एवम काली माता को पोशाक चढ़ाई जाएगी । दोपहर 11 बजे सम्मान समारोह आयोजित होगा । तदोपरांत हवन कार्यक्रम दोपहर 12 बजे का रहेगा । दोपहर 2 बजे से मां काली का भ्रमण कार्यक्रम रहेगा ।

## हाथरस से 24 वी पदयात्रा धूमधाम के साथ निकली वृंदावन बांके बिहारी मंदिर के लिए

एंकर, आपको बता दे जनपद हाथरस में बिहारी जी की 24 वी पदयात्रा ढोल नगाड़ों और साउंड के साथ धूमधाम के साथ शहर के मुख्य बाजारों में होती हुई वृंदावन श्री बांके बिहारी लाल जी के मंदिर के लिए निकली जिसमें सैकड़ो महिला, पुरुष, और बच्चे हाथों में झंडे लेकर ढोल नगाड़ों और साउंड पर बज रहे भजनों की ध्वनि पर नाचते गाते हुए पैदल हाथरस से वृंदावन के लिए रवाना हुए यह पदयात्रा नयागंज स्थित श्रीना. थजी के मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न बाजारों में भ्रमण करती हुई वृंदावन श्री बांके बिहारी लाल जी के मंदिर पर आरंभ होती है इस पदयात्रा का रास्ते में लोग जगह–जगह फूल बरसा कर स्वागत करते हैं पदयात्रा में श्री बांके बिहारी लाल जी की प्रतिमा को एक छोटे रथ में विराज कर हाथों से धक्का मारते हुए श्रद्धालु हाथरस से वृंदावन तक ले जाते हैं पदयात्रा में दो नन्हे मुन्ने बालक और बालिका को कृष्ण और राधा का स्वरुप बनाकर गोदी में लेकर चलते हैं

## कमिश्नर, डीआईजी, डीएम एवं एसएसपी ने भ्रमण कर परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



अलीगढ़ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस प्रा. रंभिक परीक्षा जिले के 25 केंद्रों पर सकुशल ढंग से संपन्न हुई। आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ चौत्रा वी0, डीआईजी प्रभाकर चौधरी, जिला मजिस्ट्रेट विशाख जी0 एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने भ्रमण कर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य ध्प्रवर अधीनस्थ सेवा पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 जिले के 25 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई। परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ही स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए थे।पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के प्रथम पाली में प्रातः 9रू30 बजे से 11रू30 बजे तक आयोजित परीक्षा में 11520 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी जिसके सापेक्ष 4600 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 6920 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा 2रू30 बजे से 4रू40 बजे तक आयोजित परीक्षा में 11520 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4561 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 6959 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।जिले के समस्त 25 परीक्षा केंद्रों पर यूपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2024 सफलतापूर्वक, पूर्ण पारदर्शीता एवं शुचितापूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न हुई।

## 23 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर आयोजित होगा किसान सम्मान दिवस



अलीगढ़ सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (आत्मा) के अन्तर्गत गतवर्ष की भांति वर्तमान वर्ष 2024–25 में स्व० चौधरी चरण सिंह जी, भूतपूर्व प्रधानमंत्री के जन्म दिवस को किसान सम्मान दिवस के रूप में सोमवार 23 दिसंबर को प्रातः 10:00 बजे से क्वार्सी कृषि फार्म पर समुचित निष्ठा एवं गरिमा के साथ मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।उक्त जानकारी देते हुए उपनिदेशक कृषि यशराज सिंह ने बताया है कि किसान सम्मान दिवस पर आयोजित किसान मेले में मा० जनप्रतिनिधि,जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं किसान बन्धु उपस्थित रहेंगे। मेला में किसानों को पुरस्कृत एवं सामयिक समस्याएँ तथा कृषि तकनीकी ज्ञान का प्रचार–प्रसार किया जायेगा। किसान सम्मान दिवस में कृषि विभाग द्वारा जनपद स्तर पर रबी 2023–24 के लिए दो फसलों पर प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार दिया जायेगा। खरीफ 2024 के लिये भी दो फसलों पर प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार अधिकतम उत्पादकता के आधार पर दिया जायेगा। जिला स्तर पर तीन सहयोगी विभागों में से प्रत्येक 03 प्रथम एवं 03 द्वितीय पुरस्कार दिये जायेंगे। इस प्रकार सहयोगी विभागों के चयनित कृषकों को कुल 18 पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। विकास खण्ड स्तर पर प्रत्येक विकास खण्ड से विभिन्न उद्यमों में लगे अधिकतम 05 कृ षकों को पुरस्कृत किया जायेगा, जिसमें 01 कृषक कृषि विभाग से एवं 01–01 प्रगतिशील कृषक 04 सहयोगी विभागों (उद्यान, गन्ना, पशुपालन एवं मत्स्य) से पुरस्कृत किये जायेंगे। जनपद स्तर पर प्रथम पुरस्कार पाने वाले किसान को रू० 7000.00 एवं द्वितीय पुरस्कार पाने वाले को रू0 5000.00 तथा विकास खण्ड स्तर पर पुरस्कार पाने वाले किसानों को रू0 2000.00 का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे। कृषि एवं सम्बद्ध विभाग यथा सहकारिता विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग को किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम, किसान गोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

## राज्यध प्रवर अधीनस्थ सेवा( प्रा०)परीक्षा 2024 की लिखित परीक्षा को सकुशल नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराया संपन्न




जनपद हाथरस में उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित करायी जा रही राज्यध्प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा–2024 की लिखित परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत श्री रामबाग इण्टर कॉलेज, श्री अक्रूर इण्टर कॉलेज, सेठ फूल चन्द्र बाग्ला पीजी कॉलेज, पी.बी.ए.एस. इण्टर कॉलेज, सेठ हरिश्चन्द्र गर्ल्स इण्टर कॉलेज, डी.आर.वी. इण्टर कॉलेज, श्री रामेश्वर दास अग्रवाल कन्या महाविद्यालय, सी.एल.आर.एन. सेकसरिया इण्टर कॉलेज, श्री मलिखान सिंह इण्टर कॉलेज आदि परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण निरीक्षण किया गया । इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस बल को चौक किया गया तथा सतर्कता के साथ ड्यूटी करते हुये परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया ।वीध्ओ, भ्रमणध्निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों से वार्ता कर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये । इसके उपरांत ड्यूटी में लगे अधिकारीध्कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए बताया गया कि परीक्षा के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जाये तथा परीक्षा केन्द्र के आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को ना आने दिया जाये, प्रवेश द्वारा पर चे. कंग तलाशी हेतु लगे कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कोई भी परीक्षार्थी बैग, कागज के टुकडे, पाठ्य सामग्री, ज्यामितीय बॉक्स, कॉपी, काला चश्मा, हैण्डबैग, खुला या पैक किया हुआ खाने का सामान, पैन ड्राइव, इलैक्ट्रोनिक पैन, ईयर फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, माइक्रोफोन, कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, अन्य किसी भी प्रकार के इलैक्ट्रोनिक गैजेट्स जिनसे मैसेज आदान प्रदान किया जा सके आदि प्रतिबन्धित सामग्री परीक्षा केन्द्र के अन्दर ना ले जायें । भ्रमण निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चौक किया गया तथा सम्बन्धित को सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से भी सतर्क दृष्टि रखते हुये परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही ड्यूटी में लगे अधिकारीध्कर्मचारीगणों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केन्द्र के आसपास अनावश्यक लोग इकट्ठा न होने दे तथा संदिग्ध लगे तो जाँच अवश्य की जाये तथा परीक्षा को प्रभावित करने का प्रयास करने वाले अराजकतत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

## आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अलीगढ़ पर वीर बाल दिवस की गोष्ठी संपन्न हुई

अलीगढ़ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह सिंह चौहान ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा किआज हम यहां वीर बाल दिवस के अवसर पर उन वीर बालकों को नमन करने के लिए एकत्र हुए हैं, जिन्होंने धर्म, सत्य और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। यह दिवस हमें हमारे महान इतिहास और उन अमर बलिदानों की याद दिलाता है, जिन्होंने आजाद और गौरवशाली भारत की नींव रखी।सिख इतिहास के दो वीर बालक, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिब. जादा फतेह सिंह, जिन्होंने मात्र 9 और 6 वर्ष की आयु में शहादत दी, हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। इन बालकों ने अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर कर दिए, लेकिन कभी भी अन्याय और धर्म परिवर्तन को स्वीकार नहीं किया। उनका बलिदान हमें सिखाता है कि सत्य और धर्म की राह पर चलने में चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न आएं, हमें डटे रहना चाहिए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2022 में वीर बाल दिवस को 26 दिसंबर को मनाने का निर्णय लिया। यह केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे बच्चों को अपने देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने और उनमें देशभक्ति की भावना भरने का माध्यम है। बाल दिवस, जो पहले केवल 14 नवंबर को मनाया जाता था, अब वीर बाल दिवस के रूप में एक नया आयाम ले चुका है।यह दिवस न केवल उन वीर बालकों के बलिदानों को याद करने का अवसर है, बल्कि यह हमें अपने बच्चों को उनके कर्तव्यों और हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराने का भी आह्वान करता है। हमें अपने बच्चों को यह सिखाना होगा कि भारत की आजादी और संस्कृति को बनाए रखने के लिए कितने महापुरुषों और बालकों ने अपने प्राणों की आहुति दी।जलाध्यक्ष चौ कृष्णपाल सिंह लाला ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सिख समाज के बलिदानों का इतिहास अद्वितीय है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने चार पुत्रों का बलिदान देखा, लेकिन कभी अपने धर्म और सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। ऐसा त्याग और समर्पण पूरे विश्व में दुर्लभ है जिला महामंत्री व जिला संयोजक शिवनारायण शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज देश न केवल इन वीर बालकों की शहादत को सम्मान दे रहा है, बल्कि सिख समाज के योगदान को भी सराह रहा है। चाहे राम मंदिर आंदोलन हो या समाज की सेवा के अन्य कार्य, सिख समाज ने हर बार अपनी अहम भूमिका निभाई है।जिला मंत्री व कार्यक्रम के सहसंयोजक अवध सिंह बघेल वीर बाल दिवस के अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि साथियों, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को इन बलिदानों से अवगत कराएं। उन्हें बताएं कि आज हम जिस आ. जादी और शांति का अनुभव कर रहे हैं, वह उन महान त्यागों और बलिदानों की देन है।आइए, हम सब इस वीर बाल दिवस पर यह संकल्प लें कि हम अपने बच्चों को भारत के गौरवशाली इतिहास, धर्म और संस्कृति की शिक्षा देंगे। हम अपने समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता का संदेश फैलाएंगे और हमेशा देश की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह, ,क्षेत्रीय मंत्री दीदी अनीता जैन, श्रीमती रामसखी कठेरिया,सरदार भूपेन्द्र सिंह टुटेजा, ठाकुर शल्य राज सिह्, जिला महामंत्री अनेक पाल सिंह, गौरव शर्मा , अवध सिंह बघेल, सुरेश सिंह ,देवेन्द्र राजपूत, केके, सिख्ख समाज के प्रमुख, गुरुद्वारा प्रमुख सहित, भाजपा के कार्यकर्तागण, समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

# सफला एकादशी क्या सच में सारे काम सफल बनाती है ?




इस साल सफला एकादशी का व्रत 26 दिसंबर 2024, गुरुवार को रखा जाएगा. गुरुवार और एकादशी दोनों ही श्रीहरि को बेहद प्रिय है. ऐसे में इस साल की आखिरी एकादशी बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है, कहते हैं सफला एकादशी व्रत समस्त कार्यों को सफल करता है. आइए जानते हैं सफला एकादशी की कथा. सफला एकादशी कथा प्राचीन समय में चम्पावती नगरी में महिष्मान नामक एक राजा था, उसके चार पुत्र थे. उसका सबसे बड़ा लुम्पक नाम का पुत्र महापापी और दुष्ट था. वह हमेशा, पर–स्त्री गमन में तथा वेश्याओं के यहां जाकर अपने पिता का धन व्यय किया करता था. देवता, ब्राह्मण, वैष्णव आदि सुपात्रों की निंदा करके वह अति प्रसन्न होता था. सारी प्रजा उसके कुकर्मों से बहुत दुःखी थी, परंतु युवराज होने के कारण सब चुपचाप उसके अत्याचारों को सहन करने को विवश थे और किसी में भी इतना साहस नहीं था कि कोई राजा से उसकी शिकायत करता, परंतु बुराई अधिक समय तक पर्दे में नहीं रहती. एक दिन राजा महिष्मान को लुम्पक के कुकर्मों का पता चल ही गया, तब राजा अत्यधिक क्रोधित हुआ और उसने लुम्पक को अपने राज्य से निकाल दिया. पिता द्वारा त्यागते ही लुम्पक को और सभी ने भी त्याग दिया. अब वह सोचने लगा कि मैं क्या करूं? कहां जाऊं? अंत में उसने रात्रि को पिता के राज्य में चोरी करने की ठानी. वह दिन में राज्य से बाहर रहने लगा और रात्रि को अपने पिता की नगरी में जाकर चोरी तथा अन्य बुरे कर्म करने लगा। रात में वह जाकर नगर के निवासियों को मारता तथा कष्ट देता. वन में वह निर्दोष पशु–पक्षियों को मारकर उनका भक्षण किया करता था। किसी–किसी रात जब वह नगर में चोरी आदि करते पकड़ा भी जाता तो राजा के डर से पहरेदार उसे छोड़ देते थे.कहते हैं कि कभी–कभी अनजाने में भी प्राणी ईश्वर की कृपा का पात्र बन जाता है. ऐसा ही कुछ लुम्पक के साथ भी हुआ. जिस वन में वह रहता था, वह वन भग. वान को भी बहुत प्रिय था. उस वन में एक प्राचीन पीपल का वृक्ष था तथा उस वन को सभी लोग देवताओं का क्रीड़ा–स्थल मानते थे. वन में उसी पीपल के वृक्ष के नीचे महापापी लुम्पक रहता था.कुछ दिन बाद पौष मास के कृ ष्ण पक्ष की दशमी के दिन वस्त्रहीन होने के कारण लुम्पक तेज ठंड से मूर्चि्छत हो गया. ठंड के कारण वह रात को सो न सका और उसके हाथ–पैर अकड़ गए. वह रात बड़ी कठिनता से बीती किंतु सूर्य के उदय होने पर भी उसकी मूर्च्छा नहीं टूटी। वह ज्यों–का–त्यों पड़ा रहा. सफला एकादशी की दोपहर तक वह पापी मुर्चि्छत ही पड़ा रहा. जब सूर्य के तपने से उसे कुछ गर्मी मिली, तब दोपहर में कहीं उसे होश आया और वह अपने स्थान से उठकर किसी प्रकार चलते हुए वन में भोजन की खोज में फिरने लगा. उस दिन वह शिकार करने में असमर्थ था, इसलिए पृथ्वी पर गिरे हुए फलों को लेकर पीपल के वृक्ष के नीचे गया. भूखा होने के बाद भी वह उन फलों को न खा सका, क्योंकि कहां तो वह नित्य जीवों को मारकर उनका मांस खाता था और कहां फल. उसे फल खाना तनिक भी अच्छा नहीं लगा, अतः उसने उन फलों को पीपल की जड़ के पास रख दिया और दुःखी होकर बोला – हे ईश्वर! यह फल आपको ही अर्पण हैं.इन फलों से आप ही तृप्त हों. ऐसा कहकर वह रोने लगा और रात को उसे नींद नहीं आई। वह सारी रात रोता रह. इस प्रकार उस पापी से अनजाने में ही एकादशी का उपवास हो गया उस महापापी के इस उपवास तथा रात्रि जागरण से भगवान श्रीहरि अत्यंत प्रसन्न हुए और उसके सभी पाप नष्ट हो गए. सुबह होते ही एक दिव्य रथ अनेक सुंदर वस्तुओं से सजा हुआ आया और उसके सामने खड़ा हो गया. उसी समय आक. ाशवाणी हुई – श्हे युवराज! भगवान नारायण के प्रभाव से तेरे सभी पाप नष्ट हो गए हैं, अब तू अपने पिता के पास जाकर राज्य प्राप्त कर.जब यह आक. ाशवाणी लुम्पक ने सुनी तो वह अत्यंत प्रसन्न होते हुए बोला – श्हे प्रभु! आपकी जय हो!श ऐसा कहकर उसने सुंदर वस्त्र धारण किए और फिर अपने पिता के पास गया. पिता के पास पहुंचकर उसने सारी कथा पिता को सुनाई. पुत्र के मुख से सारा वृत्तांत सुनने के बाद पिता ने अपना सारा राज्य तत्क्षण ही पुत्र को सौंप दिया और स्वयं वन में चला गया. अब लुम्पक शास्त्रानुसार राज्य करने लगा. उसकी स्त्री, पुत्र आदि भी श्री विष्णु के परम भक्त बन गए. वृद्धावस्था आने पर वह अपने पुत्र को राज्य सौंपकर भगवान का भजन करने के लिए वन में चला गया और अंत में परम पद को प्राप्त हुए. हे पार्थ! जो मनुष्य श्रद्धा व भक्तिपूर्वक इस सफला एकादशी का उपवास करते हैं, उनके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और अंत में मुक्ति प्राप्त होती है. हे अर्जुन! जो मनुष्य इस सफला एकादशी के माहात्म्य को नहीं समझते, उन्हें पूंछ और सींगों से विहीन पशु ही समझना चाहिए. सफला एकादशी के माहात्म्य को पढ़ने अथवा श्रवण करने से प्राणी को राजसूय यज्ञ के समान फल प्राप्त होता है.

## तुला राशि को 2025 में होगा बैंक–बैलेंस में गजब का इजाफा,

आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी. इस वर्ष धन का निवेश शेयर, मकान तथा रियल स्टेट में करेंगे. मई के बाद धन का आगमन बहुत अच्छा होगा. जमीन या मकान खरीदने के संयोग बनेंगे. वाहन भी खरीदने का सुखद संयोग बन सकता है. इस वर्ष म्यूच्यूअल फंड व शेयर में निवेश से लाभ होगा.आपको आर्थिक मोर्चे पर सफलता मिलेगी. इस साल आप अच्छी मात्रा में धन कमाओगे. मेहनत का हाथ थामे रहोगे तो आपको आर्थिक लाभ जरूर होगा. वर्ष की शुरुआत में देव गुरु बृहस्पति आपके भाग्य स्थान से गोचर करेंगे. इससे आपको धन लाभ होगा. आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. आपके पास निश्चित रुप से धन होगा और आपको धन की कोई कमी नहीं होगी. नौकरीपेशा लोगों को इस साल पदोन्नति के माध्यम से अच्छा वेतन मिलने की पूरी संभावना है. वर्ष के शुरुआती महीने आपके लिए बेहद शानदार रहने वाले हैं. आपके जीवन में आजीविका के साधनों में बढ़ोतरी होगी. बिजनेस की दुनिया में आपका नाम होगा.आपकी पद–प्रतिष्ठा बनी रहेगी और सभी कार्य आपकी योजना के अनुरूप होते चले जाएंगे. कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी और समय आपके अनुकूल होता जाएगा. इस साल जमीन–जायदाद से जुड़े मामलों में आपको लाभ होगा. आपकी प्रॉपर्टी में इजाफा भी हो सकता है. आपके द्वारा किए गए निवेशों में आपको सफलता प्राप्त होगी.कार्यक्षेत्र पर आप जितना अधिक फोकस होकर काम करेंगे उतना अधिक सफल भी रहेंगे. बि. जनेस ट्रिप आपके लिए सफलता के द्वार खोलेंगी. जो लोग केमिकल, फार्मेसी, इलेक्ट्रॉनिक्स की फील्ड से जुड़े हैं उन्हें इस साल अच्छा मुनाफा देखने को मिलेगा. आपके निवेश आपके लिए धन वृद्धि के रास्ते खोलेंगे. इस वर्ष सुख समृद्धि प्राप्त करने के लिए कई अवसर आपको मिलेंगे.आपके बैंक–बैलेंस में गजब का इजाफा होगा. आप अपनी जरूरत के मुताबिक धन खर्च और संचय करने में सफल रहोगे. बिजनेस के विस. तार के लिए इस साल आप कई छोटी–बड़ी यात्राएं कर सकते हैं. इन यात्राओं से आपको लाभ होगा. मई से गुरु वृश्चिक राशि वालों के अष्टम भाव से गोचर करेगा जिसके चलते आपको आर्थिक मामलो में परेशानियां हो सकती हैं.आपके बिजनेस में कुछ गिरावट आ सकती है. आर्थिक धन लाभ भी तभी होगा जब आप अपनी तरफ से प्रयासरत रहेंगे. आपको एक बैक–अप प्लान के साथ अपने निवेशों पर अमल करना होगा.

**हरिद्वार. माता–पिता के जीवन में एक बच्चे का जन्म बहुत सी खुशियां लेकर आता**



माता–पिता के लिए संतान सुख भगवान का आशीर्वाद होता है. संतान की प्राप्ति होने पर परिवार पूरा हो जाता है. संतान माता–पिता के जीवन को एक अर्थ और उनके लिए जिम्मेदारी का भाव जगाती है. घर में संतान के आने से प्रसन्नता और खुशियों का माहौल हो जाता है. संतान होने के कारण घर के सभी सदस्य एक साथ आते हैं. जिससे पारिवारिक संबंध अटूट हो जाते हैं. सभी को संतान सुख की प्राप्ति नहीं होती है. संतान प्राप्ति के लिए दंपति तरह–तरह के उपाय जैसे धार्मिक कर्मकांड, पूजा पाठ, व्रत, चिकित्सा, ध्यान, आयुर्वेदिक उपचार, योग आदि करते हैं. हिंदू कैलेंडर के खरमास यानी पौष शुक्ल पक्ष में भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और पुत्र प्राप्ति के लिए श्रेष्ठ व्रत होता है. इस व्रत को विधि विधान से करने पर पुत्र प्राप्ति होने की धार्मिक मान्यता है.पुत्र प्राप्ति के लिए भगवान विष्णु के निमित्त होने वाले व्रत की जानकारी लोकल 18 को देते हुए हरिद्वार के ज्योतिषी पंडित श्रीधर शास्त्री बताते हैं की खरमास यानी पौष मास शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को पुत्रदा एकादशी का व्रत आता है. हिंदू संवत के अनुसार एक साल में 24 एकादशी आती है. सभी एकादशी तिथि का अलग–अलग महत्व है. धार्मिक ग्रंथो के अनुसार एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित और उन्हें बहुत अधिक प्रिय होती है. ऐसे ही शुक्ल पक्ष पौष मास की एकादशी तिथि को पुत्रदा एकादशी का व्रत करने से पुत्र की प्राप्ति हो जाती है.पुत्रदा एकादशी के व्रत का महत्व धार्मिक ग्रंथो के अनुसार एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित तिथि बताई गई है. इस दिन भगवान विष्णु मनचाहा फल प्रदान करते हैं. पुत्रदा एकादशी पौष मास शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को होने वाला श्रेष्ठ और उत्तम व्रत होता है. इस व्रत को विधि विधान से करने पर दंपति को पुत्र की प्राप्ति होती है. वही जिनके पुत्र हैं उनके द्वारा इस एकादशी का व्रत करने से संतान की दीर्घायु और स्वास्थ्य अच्छा होता है. पुत्रदा एकादशी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान आदि करके इस व्रत का संकल्प करें और भगवान विष्णु के मंत्रों, स्तोत्र, बीज मंत्र, वैदिक मंत्र आदि का पाठ करते हुए पूजा पाठ करें. इस एकादशी व्रत के दौरान चावल या चावल से बनी कोई भी खाद्य सामग्री उपयोग करनी वर्जित होती है. चावल से बनी खाद्य सामग्री या चावल प्रयोग करने पर दोष लगता है. वैदिक पंचांग के मुताबिक पुत्रदा एकादशी के व्रत का समय साल 2025 के शुरुआत में 9 जनवरी की दोपहर 12रू23 से शुरू होकर 10 जनवरी की सुबह 10:19 तक रहेगा. उदया तिथि के अनुसार पुत्रदा एकादशी का व्रत 10 जनवरी 2025 को किया जाएगा.

## भाग्य बड़ा या कर्म, जो लिखा है वही होगा या मेहनत से बदल जाएगी किस्मत? प्रेमानंद जी महाराज नें बताया सच



इस संसार में दो तरह के लोग होते हैं. पहले वे जो भाग्य पर विश्वास करते हैं और उसके अनुसार कर्म करते हैं. दूसरे वे लोग होते हैं, जो कर्म पर विश्वास करते हैं और उससे अपना भाग्य बदलने की बात करते हैं. आपने लोगों को यह कहते सुना है कि भाग्य में जो लिखा है, वही मिलना है, चाहे आप जितनी मेहनत और भाग–दौड़कर कर लो. इसके लिए लोग तुलसीदास कृत रामचरितमानस की पंक्ति हो. इहि सोइ जो राम रचि राखा की बात करते हैं. जबकि दूसरे प्रकार के लोग भाग्य में यकीन नहीं करते हैं, वे अपनी मेहनत पर भरोसा करते हैं. वे गीता के श्लोक कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, मा कर्मफलहेतुर्भुर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि को महत्व देते हैं. वृदांवन के प्रेमानंद जी महाराज से राधारानी के भक्तों ने पूछा कि भाग्य बड़ा है या कर्म? इस पर उन्होंने जवाब दिया है.'भाग्य पर लिखीं हैं केवल 2 बातें'अगर सबकुछ भाग्य पर लिखा है तो कर्म का क्या महत्व है? इस सवाल पर प्रेमानंद जी महाराज ने कहा कि ऐसा किसने कहा है कि सबकुछ भाग्य पर लिखा हुआ है. भाग्य पर 2 ही बातें लिखी हुई हैं. पहला शुभ और दूसरा अशुभ. हम मनुष्य जन्म में नए कर्म करने का अधिकार रखते हैं. हम नए कर्म ऐसे भी कर सकते हैं, जो पुराने किए गए कर्म को मिटा सकते हैं. आपका पुराना कर्म मिटा नहीं है, वह आपको हर प्रकार से व्यवधान देना चाहता है तो वह आपको व्यवधान देगा. वह आपके नए कर्म में आकर बाधा पहुंचा देगा.पुराना कर्म मिटाने का उपाय प्रेमानंद जी महाराज ने कहा कि यदि आप नए कर्म के साथ श्रीजी यानी राधी जी के नाम का जप करते हो तो वह पुराना कर्म भस्म हो जाएगा, जो आपको बाधा पहुंचा रहा है.मनुष्य जन्म कायरतापूर्वक व्यतीत करने के लिए नहीं' उन्होंने कर्म की प्रधानता पर बल देते हुए कहा कि आप अधिक मेहनत करो. मनुष्य का जन्म कायरतापूर्वक व्यतीत करने के लिए नहीं हुआ है. मेहनत पर हमारी प्रार्थना है कि आप कर्म के साथ नाम जप जरूर करें.24 घंटे में 30 मिनट करें नाम जप' प्रेमानंद जी महाराज ने कहा कि राधा नाम का जप आपको 24 घंटे में कम से कम 30 मिनट करना होगा. आप इस काम के लिए 30 मिनट रोज निकाल लें. आप ऐसा करेंगे तो आपको इसका असर दिखाई देगा कर्म बड़ा है या भाग्य? प्रेमानंद जी महाराज ने भी आपको इसका जवाब दे दिया है. अब आप पर है कि आप उनके दिए गए सुझाव को मानते हैं या भाग्य पर निर्भर रहेंगे.

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौः-8218049162,8273402499




**जननायक सम्राट**
**हिन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक-अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा